राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित
देहरादून
शुक्रवार ● 30 जुलाई ● 2021
पृष्ठ 12, वर्ष-14, अंक 4976, मूल्य ₹ 3.00

# किसानों के लिए केवीके और नाबार्ड मिलकर करेंगे काम

**उत्तरकाशी।** कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ में आयोजित बैठक में किसानों के लिये केवीके और नाबार्ड ने मिलकर काम करने का निर्णय लिया। बैठक में केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा चित्रांगद सिंह राघव ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से जनपद के चयनित ग्रामों में प्रशिक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, ऑन फार्म ट्रायल तथा अन्य प्रसार कार्यक्रमों के माध्यम से नवीन तकनीकों को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जल की कमी को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण के लिये एलडीपीई टैंक तकनीक के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

बैठक में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड गुरविंदर सिंह आहूजा ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नाबार्ड किसानों के लिये विभिन्न परियोजनाओं का संचालन कर रहा है जिसमे कृषि विज्ञान केंद्र से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक के बाद कृषि विज्ञान केन्द्र में बीएससी कृषि के 60 प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के साथ भी एक पारस्परिक संवाद किया गया जिसमें नाबार्ड एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में डा पंकज नौटियाल, डा गौरव पपनै, वरुण सुप्याल, रोहिणी, रितिका भास्कर, ख्याली राम आदि उपस्थित रहे।